मार्टिन लुथर ने परमेश्वर के लोगो का बाइबल पढ़ने दिए

प्रार्थना: प्यारे परमेश्वर, बच्चों की सहायता करे कि बाइबल की सच्चाईयों को अपनाएँ जिसकी मार्टिन लुथर ने घोषणा की कि विश्वासियो के बीच गलत शिक्षा को सुधारना बहुत आवश्यक है।

शैतान कहता है:



जब हम प्रभु के वचन की जगह मनुष्यों के रीति रिवाज़ों की शिक्षा देते हैं तो शैतान को खुश करते हैं।

बच्चो की आयु और समयाअनुसार से कार्यक्रम बनाए:

मरकुस 7:1-13 से बड़ा बच्चे या बुजुर्ग कहानी बताएं कि यीशु ने फरिसियो से क्या कहा।

बच्चों से पूछो।

- फरिसी धार्मिक अगुवे थे। यह परमेश्वर की आज्ञाओं की जगह क्या शिक्षा देते थे।
- हमें मनुष्यो की आज्ञाओ की जगह बाइबल की शिक्षा क्यों देनी चाहिए

मार्टिन लुथर जो बाइबल का रक्षक था, उनके कहानी नाटक के रूप में प्रस्तुत करें।

- अराधना अगुवे के साथ बच्चो को नाटक के लिए तैयार करें।
- आपको कहानी के सब हिस्सो को प्रयोग करना जरूरी नहीं है।
- बड़े बच्चे छोटे बच्चों को तैयार होने में सहायता करें।
- बड़े बच्चे और बुजुर्ग लुथर, सहायक, कर्मचारी तथा वर्णनकर्ता का भाग प्रस्तुत करें।
- छोटे बच्चे किसानो और सैनिको का पात्र प्रस्तुत करें।
- वर्णनकर्ता अपना पात्र पढ़ें "प्यारे प्रभु, बच्चो की सहायता करें कि वह बाइबल की महान सच्चाइयो को अपनाए जिसकी मार्टिन लुथर ने घोषणा की कि गलत शिक्षाओ को विश्वासियो के बीच सुधारना जरूरी है।"

वर्णनकर्ता: लुथर जर्मनी में एक रोमन कैथोलिक सन्यासी था। हम उसके बारे में इतिहास की पुस्तको में पढ़ सकते हैं न कि बाइबल से। क्योंकि वह बाइबल लिखे जाने के बहुत समय बाद पैदा हुआ।

किसान: चारो तरफ घूमता हुआ जैसे शराबी हो। कुछ गिर पड़े।

सहायक: (लुथर को) "मार्टिन लुथर, कुछ कीजिए। आप हमारे याजक हो। इन किसानो ने शराब पी रखी है और वह कुछ बुरा अभी कर सकते है क्योंकि टेटजेल है।

Martin Luther

लुथर: (गुस्से से) कौन है टेटजेल?

किसान: वह रोम से आया है कुछ पैसे लेने ताकि पोप के लिए सेंट पीटर का बड़ा गिरजाघर बना सके। वह लोगो को कहता है यदि आप खुलकर दान दोगे तो कलिसिया आपके सारे गुनाह माफ कर देगी।

लुथर: नहीं, लोग अपने पापों की मुक्ति पैसो से नहीं खरीद सकते परमेश्वर की आशिष और क्षमा रोम के पोप के द्वारा स्वर्ग से धरती पर नहीं आ सकती। मैं एक विरोध पत्र लिखकर उसको गिरजाघर के द्वार पर टाँग दूँगा जिसे सब देखें। (एक कागज पर लिखकर टांगने का दिखावा करना)

सहायकः कागज की तरफ देखकर कहें "मैं इसमें से एक शब्द भी नहीं समझ सकता" यह लातिन में लिखा है।

वर्णनकर्ताः किसी ने लुथर के विरोध पत्र की नकल करके इनको छपवाया" नकल सारे यूरोप में भेजी गई। सुनिए गिरजाघर के कर्मचारी ने बाद में क्या कहा लुथर को।

अधिकारी कर्मचारीः (लुथर को) रोम के पोप बहुत गुस्से में है। पवित्र रोम साम्राज्य का राजा भी चाहता है कि जो कुछ तुमने लिखा है उसे इनकार करो।

लुथरः जो कुछ मैंने लिखा वह बाइबल से है। मैं इनकार नहीं कर सकता।

अधिकारी कर्मचारीः तब पोप तुम्हें गिरजाघर से निकाल देगा। अगर तुम ऐसे करते रहे तो राजा तुम्हें जला कर मार देगा।

लुथरः सुनो मरकुस 7:6-9 में यीशु क्या कहता है। उसने उनसे कहा "यशायाह में तुम पाखँडियो के लिए ठीक ही भविष्यवाणी की थी कि ये लोग होठो से तो मेरा आदर करते हैं परन्तु इनका हृदय मुझ से दूर हैं। वे व्यर्थ मेरी उपासना करते हैं और मनुष्य की शिक्षाओ को धार्मिक सिद्धान्त के रूप में लिखते हैं। परमेश्वर की आज्ञा को टाल कर तुम मनुष्यों की परम्परा का पालन करते हो.....तुम अपनी परम्परा का पालन करने के लिए परमेश्वर की आज्ञा को कैसी अच्छी तरह टाल देते हो।

वर्णनकर्ताः अधिकारियो ने बलपूर्वक लुथर को राजा की मौजूदगी में सभा में उपस्थित किया।

सैनिकः लुथर का हाथ पकड़कर उसको अधिकारियो के पास लाया।

अधिकारी कर्मचारीः हमारे पास तुम्हारे हर लेख की नकल है। तुम अभी इसको इनकार करो।

लुथरः जब तक तुम वचन से मेरी गलती नहीं दिखाते, मैं सच्चाई से मुड़ नहीं सकता। मैं यहाँ हूँ, परमेश्वर मेरी सहायता करें।

सैनिकः इस प्रकार चिल्लाया "इसे मार दो", "आग में जला दो", "इसकी जीभ काट दो", आदि.....

वर्णनकर्ताः इस मुकदमे के बाद लुथर के दोस्तो ने उसको एक किले में छुपा दिया, ताकि राजा उसको घात न कर सके।

"वहाँ पर उसने पहली बार बाइबल का जर्मन भाषा में अनुवाद किया।"

दूसरे देशों में विश्वासी लुथर के उदाहरण को मानने लगे और यह प्रचार करने लगे कि प्रभु बड़े प्यार से उन लोगों की रक्षा करता है जो उस पर विश्वास करते हैं।

यह युरोप में बहुत जल्दी फैल गया और धर्म प्रचार की प्रक्रिया का जन्म हुआ।

भजनसंहिता 119:11 **याद करें :** "तेरे वचन को मैंने अपने हृदय में संचित किया है, कि तेरे विरूद्ध पाप न करूँ।"

बच्चे हृदय के अन्दर एक बाइबल का **चित्र बनाए**। उन्हें यह चित्र प्रार्थना के समय बडों को दिखाए और व्याख्या करें कि प्रभु का वचन सबसे अच्छी तरह रखने का अर्थ है उसको जबानी याद करें।

कविताः तीन बच्चे भजनसंहिता 119:9-11 से एक वचन याद करें और बोलेः-

जवान अपनी चाल को कैसे शुद्ध रखें?

तेरे वचन के अनुसार चलने से।

मैंने तुझे सम्पूर्ण हृदय में खोजा है
अपनी आज्ञाओ से मुझे भटकने न दे।

तेरे वचन को मैंने अपने हृदय में संचित किया है
कि तेरे विरूद्ध पाप न करूँ।

बड़े बच्चे एक कविता लिखें, गाना या छोटा नाटक **मरकुस 7:1-23** से यीशु के फरिसियो से वार्तालाप जो प्रभु की आज्ञाओं को मनना और यह कि जो शब्द हमारे मुँह से आते हैं वह सत्य है।

प्रार्थना: प्यारे परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम मार्टिन लुथर की तरह बलवान बने और उनकी तरह जो हमें यह बताते हैं कि आप हमारी रक्षा इसलिए करते हो कि हमें प्यार करते हो और न कि इसलिए कि अपना स्वर्ग का रास्ता हम अपने कामों के द्वारा चुनते हैं।